**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:07.11.2023**

# AAJ SAMAJ

## मीडिया विभाग को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबादके संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग को 11वें अंतरराष्ट्रीय डॉक्युमेंट्री फिल्म महोत्सव-2023 में डॉक्युमेंट्री फिल्म मैं भी सशक्त नारी के लिए बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार महिला सशक्तिकरण पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म की ह्य15 मिनट कैटेगरीह्व में शामिल है। इस डॉक्युमेंट्री फिल्म का निर्देशन विभाग के प्रोडक्शन सहायक पंकज सैनी ने किया। इसके साथ ही विभाग के विद्यार्थी अवधेश, अंजली, खुशी और साक्षी ने उनका सहयोग किया। 11वें अंतरराष्ट्रीय डॉक्युमेंट्री फिल्म महोत्सव का आयोजन मारवाह स्टूडियो के तत्वावधान में नोएडा फिल्म सिटी के मारवाह स्टूडियो में किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने निरंतर फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी डॉक्युमेंट्री और शॉर्ट फिल्म्स को प्रस्तुत किया है। इस बार भी विभाग की ओर से डॉक्युमेंट्री को शामिल किया गया। जिसमें बेस्ट डायरेक्टर का खिताब विभाग को मिला। विभाग की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और संकायाध्यक्ष प्रो. पूनम सिंगल ने प्रसन्नता व्यक्त की। महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया की विभाग के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म श्रेणी में प्रदर्शित 80 से ज्यादा डॉक्यूमेट्री फिल्मों में से विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को सर्वश्रेठ डायरेक्टर का पुरस्कार मिला है। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि फिल्म महिला सशक्तिकरण के विषय पर आधारित रही। जिसके माध्यम से महिलाओं के संघर्ष की कहानियों को पर्दे पर उतारा गया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:07.11.2023**

# PUNJAB KESARI

# अंतरराष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव में वाईएमसीए मीडिया विभाग को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड



वाईएमसीए मीडिया विभाग को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड को दिखाते हुए।

फरीदाबाद, 6 नवम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग को 11वें अंतरराष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव-2023 में डॉक्यूमेंट्री फिल्म में भी सशक्त नारी के लिए बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

यह पुरस्कार महिला सशक्तिकरण पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म की 15 मिनट कैटेगरी में शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्देशन विभाग के प्रोडक्शन सहायक पंकज सैनी ने किया। इसके साथ ही विभाग के विद्यार्थी अवधेश, अंजली, खुशी और साक्षी ने उनका सहयोग किया। 11वें अंतरराष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव का आयोजन मारवाह स्टूडियो के तत्वावधान में नोएडा फिल्म सिटी के मारवाह स्टूडियों में किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने निरंतर फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्म्स को प्रस्तुत किया है। इस बार भी विभाग की ओर से डॉक्यूमेंट्री को शामिल किया गया। जिसमें बेस्ट डायरेक्टर का खिताब विभाग को मिला।

**NEWS CLIPPING:07.11.2023**

# PIONEER

## मीडिया विभाग को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग को 11वें अंतरराष्ट्रीय डॉक्युमेंट्री फिल्म महोत्सव-2023 में डॉक्युमेंट्री फिल्म में भी सशक्त नारी के लिए बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार महिला सशक्तिकरण पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म की 15 मिनट कैटेगरी में शामिल है।

इस डॉक्युमेंट्री फिल्म का निर्देशन विभाग के प्रोडक्शन सहायक पंकज सैनी ने किया। इसके साथ ही विभाग के विद्यार्थी अवधेश, अंजली, खुशी और साक्षी ने उनका सहयोग किया। 11वें अंतरराष्ट्रीय डॉक्युमेंट्री फिल्म महोत्सव का आयोजन मारवाह स्टूडियो के तत्वावधान में नोएडा फिल्म सिटी के मारवाह स्टूडियो में किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने निरंतर फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी डॉक्युमेंट्री और शॉर्ट फिल्म्स को

### पंकज सैनी की डॉक्युमेंट्री फिल्म में भी सशक्त नारी का चयन

प्रस्तुत किया है। इस बार भी विभाग की ओर से डॉक्युमेंट्री को शामिल किया गया।

जिसमें बेस्ट डायरेक्टर का खिताब विभाग को मिला। विभाग की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और संकायाध्यक्ष प्रो. पूनम सिंगल ने प्रसन्नता व्यक्त की, महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि विभाग के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि इस डॉक्युमेंट्री फिल्म श्रेणी में प्रदर्शित 80 से ज्यादा डॉक्युमेंट्री फिल्मों में से विभाग की डॉक्युमेंट्री फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर का पुरस्कार मिला है। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि फिल्म महिला सशक्तिकरण के विषय पर आधारित रही। जिसके माध्यम से महिलाओं के संघर्ष की कहानियों को पर्दे पर उतारा गया।

**NEWS CLIPPING:07.11.2023**

# DAINIK JAGRAN

## पंकज सैनी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद** : जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग को 11वें अंतरराष्ट्रीय डाक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव में मैं भी सशक्त नारी के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया है। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म का निर्देशन विभाग के प्रोडक्शन सहायक पंकज सैनी ने किया। साथ ही विभाग के विद्यार्थी अवधेश, अंजलि, खुशी और साक्षी ने उनका सहयोग किया।

11वें अंतरराष्ट्रीय डाक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव का आयोजन मारवाह स्टूडियो के तत्वावधान में नोएडा फिल्म सिटी में किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर और संकायाध्यक्ष प्रो.पूनम सिंघल ने प्रसन्नता व्यक्त की। महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश। विभागाध्यक्ष डा.पवन सिंह ने बताया कि विभाग के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि इस डाक्यूमेंट्री फिल्म श्रेणी में प्रदर्शित 80 से फिल्में प्रदर्शित की गईं।